एनडीआईएस कार्यबल क्षमता फ्रेमवर्क: क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस समर्थन और सेवाएँ प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। ये संसाधन फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं।

क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण का डिज़ाइन प्रदाताओं को "देखभाल और कौशल के साथ सुरक्षित और सक्षम तरीके से समर्थन और सेवाएँ प्रदान करने" (एनडीआईएस आचार संहिता) की जिम्मेदारी को पूरा करने हेतु सहायता देने के लिए किया गया है। यह बताता है कि सीखने की जरूरतों की पहचान कैसे करें, फिर कार्यबल प्रबंधन और नियोजन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यबल क्षमताओं का निर्माण करने और इन्हें बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण का चयन कैसे करें। मार्गदर्शन मुख्य रूप से बाहरी प्रशिक्षण का चयन करने के तरीके पर केंद्रित है। हालांकि, आंतरिक प्रशिक्षण समाधान चुनने के लिए समान सिद्धांत लागू होते हैं।

एक सहायक प्रशिक्षण परिवेश के होने और उचित प्रशिक्षण प्रदान करने से भी कार्यकर्ता आत्मविश्वास, नौकरी से जुड़ी संतुष्टि, नौकरी पर बनाए रखने (रिटेन्शन) की योग्यता का और गुणवत्ता समर्थन सुनिश्चित करने के लिए क्षमता का निर्माण होता है।

क्या उम्मीद करें

क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण का डिज़ाइन संगठनों और श्रमिकों को प्रशिक्षण में कमियों की पहचान करने और फ्रेमवर्क में वर्णित क्षमताओं के आधार पर विकास को व्यक्तिगत रूप से तैयार करने में मदद करने के लिए किया गया है। गाइड (संदर्शिका):

- सीखने और विकास की जरूरतों की पहचान करने और संरचित प्रशिक्षण विकल्प को समझने का समर्थन करती है।
- आपके नियोजन और प्रशिक्षण में गाइड का उपयोग करने के व्यावहारिक परिदृश्य और उदाहरण प्रदान करती है।
- प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए सुझाव प्रदान करती है।
- **इनके लिए उपयोगी**: एनडीआईएस प्रदाता, मानव संसाधन प्रबंधक, पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र), कार्यकर्ता और प्रतिभागी ताकि वे प्रशिक्षण से जुड़े अवसरों या कमियों की पहचान कर सकें और इनकी योजना बना सकें।

फ्रेमवर्क, उपकरण (टूल्स) और गाइड्स में अन्य संसाधनों द्वारा क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण का समर्थन किया जाता है।

संसाधन एनडीआईएस प्रतिभागियों, पर्यवेक्षकों, प्रदाताओं और श्रमिकों के लिए उपयोगी हैं और प्रतिक्रिया और पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं में सहायता कर सकते हैं।

आप **वेबसाइट** से किसी भी समय गाइड की खोज कर सकते/ती हैं और इसे डाउनलोड कर सकते/ती हैं।

परिदृश्य: व्यक्तिगत कार्यकर्ता विकास आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया करना

माइकल व्हीलचेयर का उपयोग करता है और हर सुबह दो घंटे के लिए व्यक्तिगत देखभाल सहायता प्राप्त करता है, जिसमें स्नान करना भी शामिल है। पिछले दो हफ्तों से, माइकल (Michael) ने स्नान करने से इनकार कर दिया है और उनके शरीर में एक प्रेशर वाउंड इन्फेक्शन (दबाव घाव संक्रमण) भी विकसित हुआ है। प्रारंभ में, माइकल के समर्थन कार्यकर्ता, फ्रेड (Fred) ने किसी को नहीं बताया, यह सोचकर कि माइकल के फैसले का सम्मान इस तरह से ही करना है। जब माइकल को अपने प्रेशर वाउंड इन्फेक्शन के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो फ्रेड (Fred) ने अपने सुपरवाइज़र बेस (Bess) को बताया।

बेस (Bess) ने फ्रेड (Fred) को फ्रेमवर्क की क्षमता "अपनी पसंद बनाने में मेरा समर्थन करने" दिखाई, यह समझाते हुए कि प्रतिभागियों को उनके इच्छित जोखिम लेने में सहायता करने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित रखने की भी आवश्यकता है।

वे घटना पर चर्चा करते हैं और फ्रेड देखभाल के कर्तव्य और जोखिम की गरिमा के बारे में एक संक्षिप्त कोर्स में भाग लेने के लिए खुश है। बेस (Bess) जानती है कि इस संतुलन को सही तरह से बिठा पाना अक्सर जटिल होता है और फ्रेड (Fred) के साथ अधिक बार जांच करता है कि उसने जो सीखा है क्या वह उसे लागू कर पा रहा है। वह सुझाव देती है कि जब माइकल को अस्पताल से छुट्टी दी जाए तो वे उससे मिलें ताकि यह तय किया जा सके कि इस प्रकार की स्थिति को फिर से होने से रोकने के लिए उसका समर्थन कैसे किया जाए, क्योंकि अगली बार ऐसा होने पर परिणाम अधिक गंभीर हो सकता है। वह फ्रेड को जोखिम प्रबंधन के लिए संगठन की जिम्मेदारियों के साथ जोखिम सक्षमता को संतुलित करने के तरीके पर टीम मीटिंग में अपने अनुभव को साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

संसाधनों तक पहुँचना और उनका उपयोग करना

क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण को अगर आपके कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जाए तो यह सबसे अच्छा रहता है ताकि आप इसे किसी भी समय एक्सेस कर सकें।

संसाधनों तक पहुँच: क्षमता के लिए प्रशिक्षण - परिचय | एनडीआईएस कार्यबल क्षमता (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.